भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.12.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2750 का उत्तर

तमिलनाडु में आरओबी/आरयूबी

2750. श्री ए. राजाः
डॉ. कलानिधि वीरास्वामीः
श्री एस. रामलिंगमः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु में निर्माण हेतु स्वीकृत आरओबी और आरयूबी की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान उनके निर्माण हेतु स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;
(ग) तमिलनाडु में स्वीकृत और निर्माणाधीन पुलों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने तमिलनाडु में सभी स्वीकृत पुलों के लिए भूमि अधिग्रहीत कर ली है और इसे सौंप दिया है;
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;
(च) इनका अधिग्रहण कर इन्हें कब तक सौंपे जाने की संभावना है; और
(छ) क्या सरकार ने इनके निर्माण हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (छ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

तमिलनाडु में आरओबी/आरयूबी के संबंध में दिनांक 04.12.2019 को लोक सभा में श्री ए. राजा, डॉ. कलानिधि वीरास्वामी और श्री एस. रामलिंगम के अतारांकित प्रश्न सं. 2750 के भाग (क) से (छ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): जिलावार डाटा नहीं रखा जाता है। बहरहाल, पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु में निर्माण के लिए स्वीकृत ऊपरी सड़क पुलों (आरओबी) और निचले सड़क पुलों (आरयूबी) की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है :

वर्ष	आरओबी	आरयूबी
2016-17	12	1
2017-18	10	3
2018-19	7	4
2019-20	13	1
जोड़	42	9

(ख): धन के आबंटन और उपयोग का राज्यवार ब्यौरा नहीं रखा जाता है। बहरहाल, पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (अक्टूबर, 2019 तक) के दौरान धन के आबंटन और उपयोग का क्षेत्रवार ब्यौरा परिशिष्ट के रूप में संलग्न है।

(ग): तमिलनाडु राज्य में आरओबी/आरयूबी के निर्माण के लिए कुल 176 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। 176 में से, आरओबी/आरयूबी के 36 कार्य पूरे हो गए हैं। शेष कार्य योजना, आकलन और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

(घ): भूमि संबंधी मामला राज्य का विषय है। आमतौर पर, रेलवे के हिस्से में भूमि अधिग्रहण की कोई समस्या नहीं होती है, बहरहाल, संपर्क मार्गों पर, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा निर्मित किया जाता है, भूमि अधिग्रहण संबंधी मुद्दे हो सकते हैं।

(ड.) से (छ): सामान्यत: रेलवे के हिस्से में आरओबी/आरयूबी का निर्माण रेलवे द्वारा किया जाता है जबकि संपर्क मार्गों का निर्माण राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। आमतौर पर रेलवे के हिस्से में भूमि अधिग्रहण की कोई समस्या नहीं होती है। बहरहाल, संपर्क मार्गों पर आरओबी/आरयूबी का निर्माण करना कठिन होता है क्योंकि यह कई कारकों जैसे भूमि की उपलब्धता, अतिक्रमण हटाना, संपर्क मार्ग का संरेखण निर्धारित करना, अपेक्षित धन का आबंटन आदि पर निर्भर करता है। इसलिए, आरओबी/आरयूबी परियोजनाओं के निर्माण के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित करना संभव नहीं है।

*****

तमिलनाडु में आरओबी/आरयूबी के संबंध में दिनांक 04.12.2019 को लोक सभा में श्री ए. राजा, डॉ. कलानिधि वीरास्वामी और श्री एस. रामलिंगम के अतारांकित प्रश्न सं. 2750 के भाग (ख) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।

(ख): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान योजना शीर्ष-30 में आबंटन और उपयोग निम्नानुसार है :

(रु. करोड़ में)

क्षेत्रीय रेलवे	2016-17		2017-18		2018-19		2019-20	
	आबंटन	उपयोग	आबंटन	उपयोग	आबंटन	उपयोग	आबंटन	उपयोग (अक्टूबर, 2019 तक
मध्य रेलवे	117.34	112.84	147.30	128.46	205.37	175.21	410.15	144.62
पूर्व रेलवे	64.71	87.72	79.02	52.42	76.92	66.32	141.07	78.11
पूर्व मध्य रेलवे	68.54	64.46	89.12	38.20	88.00	101.00	218.12	120.94
पूर्व तट रेलवे	148.64	128.94	200.23	165.42	187.24	153.07	284.28	101.44
उत्तर रेलवे	396.08	396.29	528.49	439.95	524.42	448.86	629.31	269.40
उत्तर मध्य रेलवे	394.94	525.94	469.05	332.23	458.40	314.01	477.12	201.50
पूर्वोत्तर रेलवे	100.01	120.50	116.86	122.94	213.95	186.34	176.63	136.29
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे	100.68	88.32	140.57	93.39	76.86	85.54	120.86	20.27
उत्तर पश्चिम रेलवे	258.24	391.35	466.81	475.60	558.34	469.23	550.95	275.42
दक्षिण रेलवे	343.95	293.54	426.73	333.30	408.62	381.73	380.54	167.79
दक्षिण मध्य रेलवे	174.01	146.23	247.75	172.93	419.21	385.70	386.30	170.57
दक्षिण पूर्व रेलवे	140.58	138.48	230.60	213.14	145.23	117.11	260.31	76.29
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे	173.70	157.25	199.32	180.23	168.20	160.99	236.15	73.89
दक्षिण पश्चिम रेलवे	165.95	159.36	181.69	111.57	121.83	99.92	169.44	128.04
पश्चिम रेलवे	266.50	210.62	297.76	190.50	308.64	310.06	572.13	185.68
पश्चिम मध्य रेलवे	152.30	148.71	178.70	124.02	241.96	88.36	336.64	84.37

*****